सगुनु खीरु अवगुन जलु ताता। मिलइ रचइ परपंचु बिधाता।।
भरतु हंस रबिबंस तड़ागा। जनमि कीन्ह गुन दोष बिभागा।।
रामकथा 918-मानस-परमहंस | बेलूर मठ, प. बंगाल | मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 327 | इंदौर, मंगलवार 06 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. डीआरडीओ : समुद्र के अंदर ही दुश्मन के शिप-सबमरीन को तबाह कर देगी टॉरपीडो, DRDO द्वारा विकसित हथियार की देखें ताकत
2. Bageshwar Dham: धीरेंद्र शास्त्री से शादी करने गंगोत्री से पैदल निकली मेडिकल छात्रा
3. Odisha Train Accident: शुभेंदु अधिकारी बोले- हादसा ओडिशा में हुआ तो CBI जांच से ममता बनर्जी क्यों घबरा रहीं?
4. Brij Bhushan Case: बृजभूषण सिंह की बढ़ेंगी मुश्किलें! दिल्ली पुलिस ने घर पहुंचकर दर्ज किए 12 गवाहों के बयान
5. Bridge Collapse : बिहार सरकार के मंत्री तेज प्रताप यादव का आरोप, कहा- अगुवानी पुल को भाजपा ने ध्वस्त कर दिया
6. US: भारत के लोकतंत्र को लेकर हुए सवाल, व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने कहा- दिल्ली जाइए और खुद देख लीजिए
7. Maharashtra: औरंगजेब के पोस्टर दिखा रहे युवकों पर FIR, डिप्टी CM बोले- देश शिवाजी महाराज के कदमों पर चलता है
8. Report: चीन ने अक्साई चिन इलाके में बनाई सड़कें-आधुनिक कैंप-हैलीपोर्ट, रणनीतिक इलाकों में बढ़ा रहा दबदबा

# भाजपा के गढ़ों में ढूंढेंगे जिताऊ उम्मीदवार

## भाजपा की मजबूत सीटों का चक्रव्यूह भेदने के लिए दो बड़ी बैठक लेंगे पूर्व मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह इंदौर की उन सीटों पर जीत की रणनीति बनाएंगे जो कांग्रेस सालों से हारती आ रही है। इसमें 2, 4 और 5 नंबर विधानसभा सीट शामिल है। दो दिन इंदौर में रुककर दिग्विजय जिताऊ कैंडिडेट ढूंढेंगे। हालांकि इंदौर में कांग्रेस नेतृत्व विहीन है। चार महीने से शहर अध्यक्ष पद रिक्त है। पार्टी नाम ही घोषित नहीं कर सकी है, ऐसे में पुरानी कार्यकारिणी के साथ ही वे चुनाव संबंधी तैयारियों पर चर्चा करेंगे। साथ ही विधानसभा चुनाव के पहले तीनों सीट पर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। कार्यकर्ताओं और नेताओं से बातचीत कर दिग्विजय अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। कांग्रेस में दो नंबर में जहां नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे अपनी दावेदारी जता रहे हैं, वहीं 4 नंबर में कांग्रेस के पास कोई बड़ा नाम नहीं है। 5 नंबर में जरूर पूर्व विधायक और पिछली बार के हारे हुए प्रत्याशी सत्यनारायण पटेल और स्वप्निल कोठारी पूरी ताकत के साथ दावेदारी जता रहे हैं। ध्यान रहे कि दो नंबर भाजपा का गढ़ है। यह रमेश मेंदोला की सीट है और पहले यहां से कैलाश विजयवर्गीय लड़ते आए हैं। चार नंबर सीट पूर्व मंत्री लक्ष्मणसिंह गौड़ का गढ़ है, यहां से उनकी पत्नी मालिनी गौड़ विधायक हैं। इसके अलावा एक अन्य सीट पर महेंद्र हार्डिया विधायक हैं जो पिछली बार बड़ी मुश्किल से चुनाव जीते थे। तीनों ही सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

### 2 और 4 नंबर विधानसभा सीट पर होगी बात

1. विधानसभा क्रमांक 4 के मण्डलम, सेक्टर कार्यकर्ताओं की बैठक लोकमान्य नगर में दोपहर 2 बजे से शुरू होगी, जो 3 बजे तक चलेगी। इसके बाद 3 बजे से समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं, नगर पालिका, जनपद, जिला पंचायत के चुने गए सदस्य, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, आईटी सेल, एनएसयूआई सहित सभी प्रकोष्ठ के सदस्य सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक।

2. विधानसभा क्रमांक 2 के मण्डलम, सेक्टर कार्यकर्ताओं की बैठक चौकसे धर्मशाला परदेशीपुरा पर शाम 7 बजे से होगी। इसके बाद रात 8 बजे से समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं, नगर पालिका, जनपद, जिला पंचायत के चुने गए सदस्य, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, आईटी सेल, एनएसयूआई सहित सभी प्रकोष्ठ के सदस्य सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक।



### 5 नंबर विधानसभा पर मंथन

विधानसभा क्रमांक 5 के मण्डलम, सेक्टर कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार 7 मई को सुबह 11 बजे से लाभ मण्डपम रेसकोर्स रोड पर होगी। इसके बाद 12 बजे से समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं, नगर पालिका, जनपद, जिला पंचायत के चुने गए सदस्य, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, आईटी सेल, एनएसयूआई सहित सभी प्रकोष्ठ के सदस्य सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दिग्विजय सिंह बैठक लेंगे। इसी दिन शाम 4 बजे प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में दिग्विजय प्रेस क्लब में हिस्सा लेंगे और मीडिया के सवालों के जवाब देंगे।

### 30 साल से भाजपा के पास है 2 नंबर सीट

बता दें 2 नंबर विधानसभा सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने 1993 में जीत हासिल की थी तब से यानी 30 साल से ये सीट बीजेपी के पास है। तीन बार कैलाश विजयवर्गीय विधायक रहे। इसके बाद उनके खास रमेश मेंदोला को यहां से साल 2008 में टिकट दिया गया और तब से वे लगातार इस सीट पर जीत दर्ज कर चुके हैं। वे भी तीन बार के विधायक हैं।

वहीं 4 नंबर विधानसभा सीट 1990 से बीजेपी के पास है और कांग्रेस को यहां हर संभव कोशिश के बावजूद हार का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह 5 नंबर विधानसभा सीट बीजेपी 2003 से जीत रही है। इससे पहले यहां कांग्रेस के विधायक रहे हैं। हालांकि 3 नंबर विधानसभा सीट भी बीजेपी के पास है लेकिन कांग्रेस इसे भाजपा के गढ़ के रूप में नहीं देख रही है।

### ये सीटें लगातार हार रही कांग्रेस

कांग्रेस को जिन सीटों पर लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है, उनमें इंदौर दो, इंदौर चार, इंदौर पांच, धार, महू, देवास, खातेगांव, बागली, खंडवा, पंधाना, बुरहानपुर, उज्जैन उत्तर, उज्जैन दक्षिण, रतलाम सिटी, मंदसौर, मल्हारगढ़, नीमच, जावद, रहली, दतिया, बालाघाट, रीवा, सीधी, नरयावली, भोजपुर, सागर, हरसूद और सोहागपुर सीट प्रमुख हैं। इसके साथ ही गुना, शिवपुरी, देवसर, धौहनी, जयसिंहनगर, जैतपुर, बांधवगढ़, मानपुर, मुड़वारा, जबलपुर केंट, पनागर, सिहोरा, परसवाड़ा, बालाघाट, सिवनी, आमला, टिमरनी, सिवनी मालवा, होशंगाबाद, सोहागपुर, पिपरिया, भोजपुर, कुरवाई, शमशाबाद, बैरसिया, गोविंदपुरा, बुधनी, आष्टा, सीहोर, सारंगपुर, सुसनेर, शुजालपुर, सीटें शामिल हैं।

# कलेक्टर परिसर में कचरा देखकर नाराज हुए कलेक्टर

**● नोटरी वालों के लाइसेंस चेक करने के लिए आदेश, एक दुकान बंद करवाई**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने आज कलेक्टोरेट परिसर में ही जमा गंदगी को हटाने के निर्देश दिए। परिसर में बैठे नोटरी वालों के लाइसेंस चेक करने के भी आदेश उन्होंने दिए। सिगरेट-पान के साथ समोसे - कोल्ड ड्रिंक की एक गुमटी को लेकर भी उन्होंने नाराजगी जताई और इसे बंद करने के आदेश दिए। कलेक्टर का कहना था सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान कैसे किया जा रहा है? गंदगी करने वालों से तत्काल जुमार्ना भी वसूला गया। नाजिर को स्पष्ट कर दिया कि वह स्वच्छता को लेकर विशेष ध्यान रखे । वरिष्ठ जिला पंजीयक दीपक शर्मा को भी उन्होंने कार्रवाई करने के लिए कहा।**

सोमवार को दोपहर 4.15 बजे कलेक्टर ने परिसर में घूमना शुरू किया। नोटरी व स्टॉम्प आदि से संबंधित वकीलों की जो टेबले लगी है वहां जाकर कलेक्टर ने निरीक्षण किया। यहां कुछ स्थानों पर कचरे के ढेर लगे थे जिसे देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा यह कचरा यहां कैसे है? आप लोग इसे हटाने के लिए कभी तत्पर क्यों नहीं दिखते हैं। कलेक्टर ने कचरा इकट्ठा करने के लिए डस्टबिन रखे जाने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन टेबलों को हटाने के लिए भी कहा जिसपर नाम तो दर्ज है लेकिन कोई बैठता नहीं है। उन्होंने कहा ऐसा लगता है यहां कई दिनों से कोई बैठ नहीं रहा है। टेबलों पर धूल जमी हुई है। इस बात पर वरिष्ठ जिला पंजीयक दीपक शर्मा ने कहा कुछ टेबले तो सिर्फ जगह रोकने के हिसाब से लगाई गई है। कलेक्टर ने कहा जो भी टेबले गलत तरीके से लगाई गई है उसे हटाई जाए।

### स्टाम्प ड्यूटी को लेकर भी नाराजगी जाहिर की

दौरे के दौरान कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने कुछ नोटरी वालों से लाइसेंस मांगे। अधिकांश ने कहा लाइसेंस है लेकिन अभी यहां नहीं रखा है। कलेक्टर ने कहा लाइसेंस की जानकारी तो होना चाहिए। वरिष्ठ जिला पंजीयक ने कहा लाइसेंस की जानकारी तो आप लोगो को अपने बोर्ड के साथ ही लगाना चाहिए। बड़ी संख्या में 100 रुपये के स्टॉम्प रखे होने पर कलेक्टर ने पूछा ये किस काम में लिए जा रहे हैं। किसी ने बताया किरायानामा के काम आते हैं तो कलेक्टर ने कहा यह तो स्टॉम्प ड्यूटी की चोरी है। किरायानामा 100 रुपये के स्टॉम्प पर कैसे किया जा रहा है। उन्होंने तत्काल वकीलों को बुलाकर ये निर्देश भी दिए कि स्टॉम्प ड्यूटी की चोरी नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा नोटरी के लिए भी ये काम में लिए जा रहे हैं जिसपर कुछ वकीलों ने कहा हम यहां ऐसा कुछ नहीं कर रहे हैं।

### कलेक्टर ने पूछा शराब बेचते हो...

कलेक्टर ने जब फायर ब्रिगेड की ओर वाले रास्ते से बाहर निकले तो गुमटी वहां लगी मिली जिसपर समोसे व कोल्ड ड्रिंक आदि रखे थे। कलेक्टर ने पूछा यह दुकान यहां कैसे लगी है तो इसका कोई जवाब नहीं मिला। कलेक्टर ने कहा इस दुकान को कल बंद कर देना तो दुकानदार ने हामी में सिर हिलाया। बाद में जब कलेक्टर को नीचे एक शराब की बोतल मिली तो उन्होंने पूछा यहां शराब भी बेचते हो तो दुकानदार बोला रात में बिवड़े आ जाते हैं। कलेक्टर ने दुकान की तलाशी करवाई हालांकि शराब की बोतल यहां नहीं मिली। तलाशी होने पर दुकानदार ने कलेक्टर से कहा लस्सी पी लो सर तो कलेक्टर के बॉडीगॉर्ड्स ने दुकानदार को हड़काया।

## आईडीए ने रखा टीपीएस योजनाओं में सौ बगीचे विकसित किए जाने का लक्ष्य

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपनी योजनाओं में वृहद वृक्षारोपण का संकल्प लेते हुए सोमवार को कई योजनाओं में वृक्षारोपण किया गया।**

श्री जयपाल सिंह चावड़ा ने बताया कि हमने अपनी टीपीएस योजनाओं में सो बगीचे विकसित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है इसकी शुरूआत आज हमने योजना क्रमांक 166 एवं टी पीएस 8 योजनाओं से की है, उन्होंने बताया कि इन वृक्षों का रखरखाव और इनका संधारण भी किया जावेगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप पर्यावरण संरक्षण के महत्व और स्थायी विकास के लक्ष्यों को महत्वपूर्ण घटक मानते हुए हर नागरिक को हमने अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, ताकि हम पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बना सकें।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। उनकी पहलों में स्थानीय नागरिकों द्वारा पेड़ लगाने के अभियान, प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने की पहल, और स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता बढ़ाने के कार्यक्रम शामिल हैं। इन्हीं लक्ष्यों के चलते इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा भी पर्यावरण संरक्षण हेतु यह संकल्प लिए हैं!

श्री जयपाल सिंह चौहान ने बताया कि वे इस साल समयानुगत ढंग से 100 बागों को पहचान कर विकसित करेंगे। आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, प्राधिकरण की यह पहल पर्यावरण और शहरी विकास को समर्पित है, और इसका उद्देश्य इंदौर के वासियों को हरियाली और स्वच्छता की सभी विधाओं में सुधार की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है।

## नगर निगम ने समझाइश देकर छोटे दुकानदारों को राजवाड़ा और गोपाल मंदिर से हटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नगर निगम रिमूवल विभाग ने राजबाड़ा के आसपास और गोपाल मंदिर रोड पर लगने वाली दुकानों को सख्ती के बजाय समझाइश देकर हटाया। इसके साथ ही लगातार अनाउंसमेंट किया गया और दुकानों को नहीं लगने दिया गया। इससे दोनों रोड पूरी तरह क्लीयर हो गई और आम जन को आवागमन में दिक्कत नहीं हुई।

राजवाड़ा स्थित बगीचे के आसपास रोड पर और गोपाल मंदिर रोड के फुटपाथ पर लगने वाली दुकानों को हटाने की कार्रवाई निगम रिमूवल विभाग ने कल की है। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों के साथ सख्ती न करते हुए समझाइश देकर हटाया गया ताकि ट्रैफिक सुचारू रूप से चले और लोगों को आवगमन में दिक्कत न हो। कल रविवार को राजबाड़ा के आसपास और गोपाल मंदिर रोड पर लगी दुकानों को हटाने के लिए रिमूवल विभाग की 4 टीमें तैनात की गई थीं। टीम दोनों क्षेत्र में लगातार अनाउंसमेंट करने के साथ दुकान नहीं लगने दे रही थी। दुकान लगाने पर सामान जब्त करने की चेतावनी अलग दी जा रही थी। इसके साथ ही राजबाड़ा एवं गोपाल मंदिर के आसपास के क्षेत्र के व्यवसाय करने वाले लोगों को पीछे हटाकर रास्ता क्लीयर किया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों निगम रिमूवल अमले ने प्रिंस यशंवत रोडए राजबाड़ाए इमामबाड़ाए गोपाल मंदिर रोड और खजूरी बाजार क्षेत्र में दुकानों के बाहर रखे सामान को हटाने के साथ जब्ती की कार्रवाई की थी। इसको लेकर जमकर विवाद भी हुआ था। इसी के चलते कल राजबाड़ा और गोपाल मंदिर रोड पर लगी दुकानों को सख्ती से हटाने के बजाय समझाइश देकर हटाया गया।

## कई अध्यापकों के दो प्रकार के ट्रेजरी कोड ने बढ़ाई समस्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अध्यापकों के तनख्वाह में से कुछ अंश निर्धारित नियमानुसार अंशदाई पेंशन में जाता है। यह राशि उसके खाते में प्रान नंबर के आधार पर स्थानांतरित की जाती है परंतु कुछ अध्यापकों के ट्रेजरी कोड दो प्रकार के हैं इसलिए इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है कि वास्तव में अध्यापक का प्रान नंबर किस ट्रेजरी कोर्ट से जुड़ा हुआ है और इस प्रकार से संबंधित अध्यापक को वेतन देने में समस्या उत्पन्न हो रही है । परंतु यह भी विचारणीय है कि जिस ट्रेजरी कोड से अध्यापक वेतन लेता रहा और उससे संबंधित प्रान नंबर में नियमानुसार कुछ अंश कटता रहा उसमें अचानक परिवर्तन कैसे आ गया क्योंकि अध्यापक बहुत समय पहले से वेतन लेता रहा है एवं अंशदान की कटौती होती आ रही है। नजीर के तौर पर देखा जाए अरुण कुमार पांडे संकुल पगनिस पागा संबंधित पत्र के अनुसार इनके दो प्रकार के ट्रेजरी कोड हैं इसी प्रकार की समस्या अन्य अध्यापकों के साथ भी है । हालांकि यह भी गौरतलब है की इस प्रकार के अचानक परिवर्तनों का कारण क्या होता है जबकि कर्मचारी कई बरसो से सेवा देते आ रहे हैं विकास खंड अधिकारी जिला इंदौर से पत्र जारी किया गया है एवं संबंधित अध्यापकों के नाम भी दिए गए हैं।

## कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

## जी 20 'जन भागीदारी' के तहत कार्यक्रमों का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा दिए गये दिशानिर्देशानुसार जन शिक्षण संस्थानों को जी 20 जन भागीदारी कार्यक्रम दि. 1 से 15 जून, 2023 तक आयोजित किया जाना है।**



जन शिक्षण संस्थान, इन्दौर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस दि. 5-6-2023 के अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा नन्दानगर नेहरू उद्यान एवं स्कीम नं. 54 स्थित संस्थान के भूखण्ड पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक आलोक कुमार मेहता ने कहा कि, विश्व में जलवायु परिवर्तन से जो आपदाएं हो रही है, उससे बचने के लिए हम सभी को यह प्रण लेना होगा कि, हम पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लें और अपने जीवन में कम-से-कम एक पौधा रोपण अवश्य करें ताकि शुद्ध वायु मिल सकें। इसी तारतम्य में जन शिक्षण संस्थान इन्दौर द्वारा दि. 1-6-2023 को स्किल क्विज कॉम्पीटिशन, दि. 2-6-2023 को रंगोली प्रतियोगिता, दि. 3-6-2023 को उद्यमिता पर वर्कशाप, दि. 4-6-2023 को रैली (ग्राम- टोडी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के दौलतसिंह ठाकुर, प्रवीण बुरड़े, राहुल तिवारी, राजरानी चैहान, रोशनी चौहान तथा अनुदेशिका सिस्टर टेरेसा आरलैण्ड, लक्की मिश्रा एवं अंजली पाठक उपस्थित थे।

## आ लौट के आजा मेरे मीत 9 जून को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** म्यूजिकल संस्था स्वर-पाखी द्वारा पुराने और सदाबहार गीतों का कार्यक्रम ह्या लौट के आजा मेरे मीतह्व कार्यक्रम 9 जून 2023 को आयोजित किया जा रहा है। जाल सभागृह में शुक्रवार को शाम 7.15 बजे होने वाले इस गीत-संगीत के कार्यक्रम में डॉ. प्रशांत वाजपेयी, स्वरांश पाठक, रूपक बुंदेला, शालिनी रायजादा, शिवांगी मिश्रा पाठक और प्रीति मिश्रा अपनी प्रस्तुति देंगे। स्वर पाखी परिवार के संजय बाहेती ने बताया कि कार्यक्रम का सूत्र संचालन ऋषिकेश शर्मा करेंगे और संगीत संयोजन अभिजीत गौड़ का रहेगा। गीतमाला कार्यक्रम के खास मेहमान ख्यात शास्त्रीय गायिका श्रीमती शोभा चौधरी, समाजसेवी श्री हेमन्त गट्टानी और श्री मोहन अग्रवाल रहेंगे। कार्यक्रम सभी के लिए खुला रहेगा।

# इंदौर से 136 हज मुसाफिरों की दूसरी फ्लाइट रवाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खान-ए-काबा के पाक दीदार करने की तमन्ना लेकर सफेद लिबास में हज मुसाफिरों का कारवां दूसरे दिन रवाना हुआ तो रिश्तेदारों की आंख से खुशी के आंसू छलक पड़े। कोई दुआ की दरख्वास्त कर रहा था तो कोई माफी तलब। यह नजारा था देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट इंदौर पर हज मुसाफिरों की भावभीनी विदाई का। इंदौर जिला हज कमेटी के अध्यक्ष राशिद शेख ने बताया हज मुसाफिरों की रवानगी का सिलसिला दूसरे दिन भी गर्मजोशी से जारी रहा। सदर बाजार हज हाउस पर सुबह फजर की नमाज पढ़ने के बाद दुआ मांगी गई। फिर चाय-नाश्ता करवाया गया। हज के सफर की बारीकियों से रूबरू करवाने के बाद शहर काजी की मौजूदगी में हज हाउस कैम्पस में खड़ी बस से सुबह 8:30 बजे हज काफिला का इस्तकबाल कर एयरपोर्ट के लिए विदा किया। एयरपोर्ट पहुंचते ही अल्लाह के घर के मेहमानों का इस्तकबाल जिला अध्यक्ष राशिद शेख, डॉ. रिजवान पटेल, सद्दाम पठान और खिदमतगारों ने किया। कोई गले मिला तो किसी ने सिर पर दुआ की गुजारिश के साथ हाथ रखवाया। दोपहर में हज 2023 की दूसरी फ्लाइट इंडिगो एयरलाइन्स के विमान संख्या 6ए0511- 6ए0067 से 136 हज मुसाफिरों को लेकर दोपहर 12:00 बजे रवाना हुई। जिसमें 72 पुरुष और 64 महिला हज मुसाफिर शामिल थे। दूसरी हज उड़ान के हज मुसाफिरों के साथ सबसे कम उम्र 18 वर्ष के अरमान एवं सबसे अधिक आयु 82 वर्ष के उमर हय्याश हज यात्रा के लिए रवाना हुए।इंदौर जिला हज कमेटी के अध्यक्ष राशिद शेख ने जानकारी दी कि दूसरे दिन सबसे ज्यादा 38 हज मुसाफिर इंदौर के रवाना हुए। इस फ्लाइट में बड़वानी के 6, भोपाल 2, बुराहनपुर 4, उज्जैन 21, धार 10, झाबुआ 2, खण्डवा 2, खरगोन 4, मंदसौर 8, राजगढ 2, रतलाम 6, शाजापुर 4, उज्जैन 23, अलीराजपुर 2, आगर मालवा से भी 2 कुल 136 हज मुसाफिर मक्का मदीना के मुकद्दस सफर के लिए रवाना हुए।

# पहले दिन आठ दान पेटियों से 33 लाख रुपए निकले

● **खजराना गणेश मंदिर में दान पेटियां खुलना शुरु**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। देश-विदेश में ख्यात इंदौर के खजराना गणेश मंदिर की दान पेटियों की गिनती सोमवार से शुरू हुई। इसमें पहले दिन 36 में से आठ पेटियो की दान राशि की गिनती हुई। इनमें से 33 लाख रुपये निकले। शहर में आयोजित अप्रवासी भारतीय सम्मेलन का असर भी नजर आया और अमेरिका, आस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात सहित पांच देशों की मुद्राएं दान पेटी से निकली। इसमें यूरो, डालर और पाउंड शामिल हैं। सोने का एक सिक्का और चांदी के आभूषणों के साथ ऐसी चिट्ठियां भी निकली, जिनमें भक्तों ने भगवान गणेश से मन की बात कही। दान पेटियों की गिनती पुख्ता सुरक्षा इंतजाम के बीच सुबह 11 बजे से शुरू हुई। कैमरों की निगरानी में पेटियों को मंदिर कार्यालय पर लाया गया गया। पेटियों से राशि निकालकर नोटों के बंडल बनाए गए। इसके बाद गिनती शुरू हुई जो शाम को निर्धारित समय तक चली। पहले दिन हुई गिनती में मंदिर में भगवान के सामने स्थित प्रमुख चार पेटियां भी शामिल थीं।



आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

साध्वी प्रज्ञा बोलीं

# बेटियों को बरगलाकर आतंकवादी बनाया जा रहा

**कहा- विधर्मी अपनी विषैली मानसिकता फैला रहे, अपना मिशन लेकर चल रहे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल से सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा है कि हिंदू बेटियों को बरगलाकर और फुसलाकर आतंकवादी बनाया जा रहा है। विधर्मी अपना - अपना कार्य करते हैं। धर्म पर चलने वाले लोग जब शिथिल होते हैं, तो अधर्म बढ़ता जाता है। अभी यही हो रहा है। वे अपने मिशन और षड्यंत्रों को लेकर चल रहे हैं।**

सांसद सोमवार को भोपाल के रविंद्र भवन में पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुईं। मीडिया से चर्चा में उन्होंने दमोह के गंगा - जमना स्कूल में बच्चियों को हिजाब पहनाए जाने पर कहा, हमारे समाज में शिक्षा का क्षेत्र देवस्थान माना जाता है। वहां पर यह कुकृत्य कर रहे हैं। अपनी विषैली मानसिकता फैला रहे हैं। मैं ऐसे लोगों को धिक्कारती हूं। मध्यप्रदेश सरकार और केंद्र सरकार दोनों सचेत हैं, इनको उचित दंड मिलेगा, यह सुनिश्चित है।

प्रज्ञा ठाकुर ने कहा, हिंदू कभी किसी के विरुद्ध कोई षड्यंत्र नहीं करता, लेकिन जो विधर्मी हैं, वे ऐसा करते हैं। हमारी हिंदू बेटियों को आज से नहीं, काफी समय से लव जिहाद के तहत बरगलाया, फुसलाया जाता है। आतंकवादी बनाया जाता है। उनको मार दिया जाता है। इनका निरंतर प्रयास चलता रहा है। आज भी चल रहा है। अब ये विकृत रूप ले रहा है। और ज्यादा बढ़ रहा है।

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने सीएम शिवराज सिंह चौहान के साथ भाग लिया। इस मौके पर पर्यावरण विभाग के पीएस गुलशन बामरा भी मौजूद थे।

### बेटियों को सचेत रहना चाहिए

दिल्ली में साक्षी हत्याकांड पर भोपाल सांसद ने कहा, बेटी की कितनी निर्मम तरीके से हत्या की गई है। चाकू से उसके ऊपर कई वार किए। पत्थर से कई बार पटक-पटक कर खत्म किया गया। मरने के बाद भी उसे मारा गया। इससे हमारी बेटियों को सचेत होना चाहिए।

# बेटे ने हाथ पकड़े, तलाकशुदा पति ने गला रेता

**● महिला की हत्या मामले में खुलासा; बेटे के मन में मां के लिए भर दी थी नफरत**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में दो दिन पहले हुई महिला की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। आरोपी उसका सगा बेटा और तलाक ले चुका पति है। महिला ने आरोपी से दूसरी शादी की थी। हत्या की वजह चरित्र शंका है। आरोपी तलाकशुदा पति उस पर शक करता था। उसने सगे बेटे के मन में भी मां के लिए नफरत घोल दी थी।

पूरे प्लान के साथ यह हत्या की गई। सगे बेटे ने मां के हाथ पकड़े, तलाकशुदा पति ने गर्दन पर चाकू मारे। महिला की मौत के बाद लाश को कार में डालकर हाईवे पर ले गए और सड़क किनारे गडढे में फेंक आए। हत्याकांड में दो और लोग शामिल हैं। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, शुरूआत से ही हत्याकांड में आरोपी पति पर शक था। महिला का शव तो मिल गया था, लेकिन बेटा लापता था। इसलिए माना जा रहा था कि कहीं उसके साथ तो कुछ गलत नहीं हुआ। जब आरोपी पकड़े गए तो यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

### महिला ने 8 महीने पहले ही आरोपी से तलाक लिया था

रानी जाटव (40) ग्वालियर शहर के गोल पहाड़िया इलाके में रहती थी। 22 साल पहले उसकी शादी गोहद (भिंड) में हुई थी। यह शादी 4 साल चली। इसके बाद दोनों ने तलाक ले लिया। पहले पति से रानी के दो बेटे छोटू (20) और विनय (18) हैं। दोनों मां के साथ रहते थे। पहले पति से तलाक के कुछ साल बाद रानी ने गोल का पहाड़िया निवासी विजय सिंह निधार उर्फ कल्लू से शादी कर ली। 15 से 16 साल तक यह रिश्ता चला और अभी 8 महीने पहले रानी ने विजय से भी तलाक ले लिया। इस बात से विजय काफी बौखलाया हुआ था। उसने रानी की हत्या करने की भी धमकी दी थी।

# दो भाइयों ने चचेरे भाई की चाकू मारकर हत्या की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में रविवार रात 1 बजे दो भाइयों ने मिलकर चचेरे भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। परिजन युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। इस बात से नाराज परिजन ने अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ कर दी। हंगामे की सुचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजन को समझाया।**

सीएसपी ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि योगेश्वर टेकरी पर रहने वाले आकाश मालवीय (22) का पड़ोस में ही रहने वाले चचेरे भाइयों बंटी और सनी मालवीय से पुराना विवाद था। दोनों भाइयों ने घर के बाहर ठेला खड़ा करने पर विवाद किया और चाकू मार दिए। लहूलुहान हालत में आकाश को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर तत्काल ऑपरेशन थिएटर में लेकर पहुंचे, लेकिन आकाश की मौत हो गई। परिजन ने हंगामा करते हुए ऑपरेशन थिएटर में तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद आकाश को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन ने वहां भी जमकर हंगामा किया।

**परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, मृत घोषित होने पर हंगामा और तोड़फोड़**

चाकूबाजी की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस, महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। निजी अस्पताल से शव जिला अस्पताल लाया गया और पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया। मृतक के भाई भारत मालवीय ने बताया कि चाकू मारने वाले रिश्तेदार हैं, जिनसे पिछले 5 साल से विवाद चला रहा है। सीएसपी के अनुसार चाकू मारने वालों की तलाश में कुछ स्थानों पर दबिश दी गई है, लेकिन देर रात तक उनका पता नहीं चल पाया। जल्द ही दोनों हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 10 करोड़ रुपए के फर्जी स्कालरशिप घोटाले की सीबीआई जांच की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। मप्र में 10 करोड़ रुपए के स्कालरशिप घोटाले की जांच सीबीआई से करने की मांग को लेकर अजाक्स ने राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।**

संयुक्त कलेक्टर अशोक कुमार जाधव ज्ञापन सौंपते हुए संघ के जिलाध्यक्ष प्रेमलाल कोठारे ने बताया कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर 30 अनारक्षित छात्रों ने एसी/एसटी/ओबीसी के फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवा कर विदेश अध्ययन हेतु छात्रवृति योजना का अनाधिकृत रूप से फर्जी दस्तावेज बनवा कर 10 करोड़ रुपए विदेश अध्ययन हेतु छात्रवृति का लाभ लिया। यदि जैसा कि मुख्यमंत्री की मंशा है यदि 10 करोड़ रुपए एसी/एसटी/ओबीसी वर्ग के छात्रों पर विदेश अध्ययन पर खर्च किए होते तो आरक्षित वर्ग का बड़ा उत्थान होता। इन वर्गों को जान बूझकर उच्च शिक्षा अध्ययन से वंचित किया। जो बड़ा अपराध है।

# तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**नहाते समय गहरे पानी में चले गए; किनारे पर कपड़े देख लोगों को पता चला**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी।** सिवनी में तालाब में डूबने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। सोमवार को बच्चे घर से नहाने के लिए तालाब पहुंचे थे। नहाते समय वे गहरे पानी में चले गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से उनको बाहर निकाला गया। उनकी सांसें थम चुकी थी। मामला छपारा थाना के देवगांव का है।

मृतकों में आदर्श (6) पिता भारत झरिया, दीपांशु यादव (5) पिता सुरेश यादव और आदित्य झरिया (5) पिता राजेश झरिया शामिल हैं। तीनों बच्चे दोपहर करीब 12 बजे घर से निकल गए थे। इसके बाद वे तालाब में नहाने लगे। करीब एक बजे तीनों डूब गए। तालाब किनारे बच्चों के कपड़े देखकर लोगों ने इसकी सूचना दी। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे परिजन मौके पर पहुंचे। इस घटना से क्षेत्र में मातम का माहौल है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी वहां पहुंची। पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# पर्यावरण दिवस पर वर्षों पुराने बरगद को किया पुनर्स्थापित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए वर्षों पुराने बरगद के पेड़ को एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया गया। इस काम में निगम को तीन बड़ी क्रेन का सहारा लेना पड़ा और लगभग छहघंटे की मेहनत के बाद पेड़ को जड़ समेत सुरक्षित निकालकर ट्राले में रखा गया। यह कार्य अनुभवी टेक्निशियन द्वारा किया गया। नगर निगम के इस कार्य में शहर के समाजसेवी और पर्यावरण प्रेमी रितेश गोयल का विशेष सहयोग रहा। बता दें कि शहर के रामेश्वर रोड के पास रेलवे विभाग द्वारा ब्राडगेज का कार्य किया जा रहा है। यहां पुलिया निर्माण के साथ ही रोड बनाने कार्य भी किया जा रहा है। इसी स्थान पर पुलिस चौकी के पास वर्षों पुराना हराभरा बरगद का पेड़ लोगों को गर्मी के मौसम में ठंडक प्रदान करता था। निर्माण कार्य के चलते इसे हटाया जाना था। 6 महीने तक इस पेड़ पर पूरी केमिकल प्रकिया की गई। सोमवार इस पेड़ को स्थानांतरित कर अटल सरोवर नागचून में स्थापित किया गया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि निगम ने वर्षों पुराने पेड़ का जीवन बचाने और लोगों तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से एक नवीन एवं विरला कार्य किया है।

फ्लोराइड से टूट रही हड्डिया

# भिंड के गांव के पानी में है ये धीमा जहर भोपाल लैब की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गोहद (भिंड)।** भिंड जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग से कुछ ही दूरी पर है स्टेशनपुरा गांव। इस गांव में पिछले कुछ साल से एक रहस्यमयी बीमारी ने पैर पसारे हैं। 350 की आबादी वाले इस गांव में 45 घर है। करीब हर घर में 25 साल से अधिक उम्र के लोगों के पैरों में टेढ़ापन है। 40 की उम्र आते-आते लोगों की हड्डियां टूटने लगती हैं।

कुछ लोगों के दांत भी झड़ रहे हैं। कुछ घरों में तो बच्चों में भी ये समस्या दिखाई देती है। लोग कैल्शियम की कमी से लेकर आनुवांशिक बीमारी तक का अंदेशा लगा रहे थे लेकिन अब करीब तीन दशक से जारी इस रहस्यमयी बीमारी का पता चल गया है। ये बीमारी पानी में फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा होने से फैली है। स्टेट लैब भोपाल की रिपोर्ट आने के बाद इसका खुलासा हुआ है। स्टेशनपुरा गांव के रहवासी लाठी और बैसाखी के सहारे चलने को मजबूर हैं। यहां पानी में फ्लोराइड की अधिकता से इनकी हड्डियां कमजोर हो गई हैं। स्टेशनपुरा 1989 में बसा था। गांव के लोग एक कुएं से अपनी प्यास बुझा रहे थे। इसके बाद 1994 से लोगों में विकलांगता के लक्षण आना शुरू हुए। हड्डियां कमजोर होने से गांव में कई लोगों की मौत हो गई। गांव के दीनानाथ पिता दर्शनलाल के परिवार में पिछले 14 साल में पांच लोगों की मौत हो चुकी हैं। दीनानाथ खुद विकलांगता की बीमारी से जूझ रहे हैं। गांव के ज्यादातर लोग इस बीमारी का इलाज ग्वालियर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स से करा रहे हैं। गांववालों की कई बार गुहार के बाद भिंड से आकर अफसरों ने स्टेशनपुरा गांव में पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए स्टेट लैब भोपाल में भेजे थे। अब इसकी रिपोर्ट आ गई है। भिंड जिले के पीएचई लैब में की गई जांच में पानी में किसी भी तत्व की मात्रा अधिक या कम नहीं पाई गई थी। सभी तत्व संतुलित थे, लेकिन भोपाल की रिपोर्ट में फ्लोराइड की मात्रा चिंताजनक स्तर पर है।

॥ॐ॥ MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## हनुमान चालीसा हमारा उद्धार कार्ड है

(मानस परमहंस)

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### ● डग्गुबाती रामानायडू



**(जन्म : 6 जून 1936)** एक प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता हैं। आन्ध्र प्रदेश के प्रकाशम ज़िले में जन्मे डी. रामानायडू को भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 2009 का दादा साहब फाल्के पुरस्कार देने का निर्णय 9 सितंबर 2010 को लिया गया। वेंकटेश, हरीश, बंसरी, आर्यन राजेश, तब्बू और खुशबू जैसी कलाकारों का परिचय भी पहली बार रामानायडू ने ही दर्शकों से कराया था। रामानायडू ने 1963 में अपनी पहली फ़िल्म 'अनुरागम (तेलुगू)' के साथ फ़िल्म जगत में प्रवेश किया था। वर्ष 1964 में निर्मित तेलुगू फ़िल्म 'रामुडू भीमुडू' उनकी पहली सफल फ़िल्म थी, जिसमें एन.टी. रामाराव अभिनेता थे। उनकी फ़िल्म 'सुरिगाडू' 1993 में भारतीय पैनोरमा के लिए चयनित हुई थी। डी. रामानायडू ने विभिन्न भारतीय भाषाओं हिन्दी, बंगाली, मराठी, तेलुगू, मलयालम, उड़िया, असमिया, तमिल, गुजराती, भोजपुरी और कन्नड़ में 130 से अधिक फ़िल्में बनाई और उनका नाम 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस' में भी दर्ज हुआ है।

## संपादकीय

### आज भी प्रयास जारी

विश्व भर में आतंकवादी संगठनों के काम करने के जो तौर-तरीके हैं, उस पर नजर रखना और उनकी बदलती रणनीति के मुताबिक तैयार होना सावधानी के लिहाज से जरूरी है। दक्षिण अफ्रीका से पहले भी ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में आतंकवाद के खिलाफ प्रस्ताव पारित किए गए थे। कुछ साल पहले चीन में हुए सम्मेलन में तो साफतौर पर पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले कुछ संगठनों का नाम लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई थी। बहुत सारे देशों ने अपने-अपने स्तर पर नीतिगत से लेकर व्यावहारिक मोर्चों पर ठोस कदम उठाए, आतंकियों के लिए जगह खत्म करने की कोशिश की। शायद इसी वजह से आतंकवादी संगठनों ने अब अपनी रणनीति बदली है। स्वाभाविक ही वैश्विक स्तर पर आज भी आतंकवाद के खात्मे के लिए प्रयास जारी हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देशों के संगठनों में इस मसले पर संकल्प लिए जाते हैं। खासतौर पर भारत इस समस्या से किस हद तक एक पीड़ित देश रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। संयुक्त राष्ट्र से लेकर अमूमन सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत ने आतंकवाद की गहराती समस्या के खिलाफ बार-बार आवाज उठाई है और इसके लिए जिम्मेदार आतंकी संगठनों और इन्हें पनाह देने वाले देशों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। अब दक्षिण अफ्रीका में आयोजित पांच 'ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में एक बार फिर आतंकी वित्त पोषण और आतंकवादियों के पनाहगाहों से निपटने का संकल्प जाहिर किया गया है। इस सम्मेलन में भारत ने साफतौर पर अपनी धमक दर्ज की और कहा कि भारत अब वह देश नहीं रहा जो अपेक्षाकृत धीमी गति से घिसट कर चलता था।

### अर्ज किया है..!

*एक हुनर हैं*
*"चुप रहने का"*
*एक ऐब हैं*
*"कह देने का"*

## Health is Wealth

# छोटे दाने वाला ये ड्राई फ्रूट्स चेहरे के काले-भूरे धब्बों को कर देता है साफ

### इस तरह करें इस्तेमाल

बेदाग-निखरी त्वचा हर किसी की चाहत होती है। लेकिन हर किसी की ये चाहत पूरी नहीं होती। कभी एक्ने तो कभी पिंपल की वजह से चेहरे पर दाग-धब्बे दिखते हैं। वहीं उम्र बढ़ने के साथ कई बार मेलानिन की वजह से काले-भूरे धब्बे दिखने लगते हैं। इन धब्बों को हटाना मुश्किल लगता है क्योंकि आम इंसान के बस की बात नहीं कि वो महंगे ट्रीटमेंट और फेशियल का पैसा चुकाएं। अगर चेहरे पर इस तरह के काले-भूरे धब्बे दिख रहे हैं तो उन्हें दूर करने के लिए छोटे दानों वाले ड्राई फ्रूट चिरौंजी की मदद ले सकती हैं। चिरौंजी ना केवल सेहतमंद ड्राई फ्रूट है बल्कि इससे त्वचा की रंगत में भी निखार लाया जा सकता है। बस इस तरह से करें इस्तेमाल।



### चिरौंजी का फेस पैक
#### दाग-धब्बों के लिए बनाएं

चेहरे पर दाग-धब्बे हो गए हैं तो इन्हें साफ करने के लिए सप्ताह में कम से कम दो बार चिरौंजी के फेस पैक को लगाएं। फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले चिरौंजी का पाउडर बना लें। फिर इस पाउडर में गुलाबजल मिला लें। आप चाहे तो चिरौंजी को गुलाबजल मिलाकर बारीक पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर सूखने दें। फिर हल्के हाथों से मसाज कर चेहरा साफ कर लें। इस फेसपैक को लगाने से कुछ महीनों में ही चेहरे के दाग-धब्बे साफ होने लगेंगे।

### ऑयली स्किन
#### पर भी दिखता है असर

ऑयली स्किन की वजह से चेहरे के पोर्स ढंक जाते हैं और धूल-मिट्टी को ब्लॉक कर देते हैं। चिरौंजी का फेस पैक लगाने से ये एक्सेस ऑयल को निकलने से रोकता है और एक्ने कम होने लगते हैं। चिरौंजी पाउडर को गुलाबजल के साथ मिक्स करें और इसमे थोड़ी सी मात्रा हल्दी पाउडर की मिला लें। इस फेस पैक को लगाने से चेहरे से एक्सेस ऑयल को कम करने में मदद मिलती है।

### डार्क सर्कल
#### पर भी दिखाएगा असर

अगर आंखों के आसपास की स्किन बिल्कुल काली पड़ गई है। तो चिरौंजी के साथ थोड़ा सा जायफल पाउडर, नींबू का रस और शहद मिलातर पेस्ट बना लें। इस पैक को चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। जब ये सूख जाए तो हल्के हाथों से मसाजकर छुड़ा लें। डार्क सर्कल की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा।

## Highlights

1. Dam blown up by Russia in Ukraine
2. Venkatesh Iyer plays cricket wearing dhoti at Veda Pathshala in Kanchipuram
3. Father finds 24-yr-old son alive in morgue after triple train accident in Odisha
4. Putin's speech announcing Ukraine invading Russia is fake: Kremlin
5. Ukraine urges 'silence' on counteroffensive plans, shares clip
6. Wrestlers aren't ending protest against Brij: Sakshee's father

# MPC meet: RBI to maintain policy repo rate at 6.5%, say experts

**NEW DEIHI, (Agency).** The Reserve Bank of India (RBI) will maintain the policy repo rate at 6.5 per cent during its upcoming June 8 announcement, considering the easing of retail inflation in April and the potential for further decline, indicating the effectiveness of previous policy rate actions, anticipate experts.




Headed by Reserve Bank Governor Shaktikanta Das, a meeting of the six-member Monetary Policy Committee (MPC) is scheduled for June 6-8. The decision of the 43rd meeting of the MPC would be announced on Thursday, June 8.

After the last MPC meeting in April, the RBI paused its rate hike cycle and stayed with the 6.5 per cent repo rate. Prior to that the central bank had cumulatively hiked the repo rate by 250 basis points since May 2022 in a bid to contain inflation.

The MPC is meeting in the backdrop of consumer price-based (CPI) inflation declining to an 18-month low of 4.7 per cent in April. The Reserve Bank governor recently indicated that the May print would be lower than the April numbers. The CPI for May is scheduled to be announced on June 12.

Madan Sabnavis, Chief Economist, Bank of Baroda, said the RBI is most likely to continue to pause on the interest rates and retain repo rate at 6.5 per cent. "The reason is that inflation has come in lower than 5 per cent in April and will be even lower in May. This being the case, the view would be that past repo rate actions have had an effect on inflation and hence there can be another pause taken," he said. The policy stance, he added, will however remain with withdrawal of accommodation since there has already been an increase in liquidity as deposits increase due to the announcement of the exchange of the ₹2,000 notes. The RBI will also be monitoring the progress of the monsoon and the possible ill effects of El Nino which can affect the kharif harvest and hence impact prices, experts said.

# Adani Group repays loans worth $2.65 billion to complete prepayment programme

**NEW DEIHI, (Agency).** Embattled Adani Group on Monday said it has repaid loans aggregating USD 2.65 billion to complete a prepayment programme to cut overall leverage in an attempt to win back investor trust post a damning report of a US short seller.

In a Credit Note released on Monday, Adani Group said it has made a full prepayment of USD 2.15 billion of loans that were taken by pledging shares in the conglomerate's listed firms and also another USD 700 million in loans taken for the acquisition of Ambuja Cement.

"The prepayment was done along with interest payment of USD 203 million," it added.

Further, the credit update states that the promoters completed the sale of shares in four listed group entities to GQG Partners, a leading global investment firm, for USD 1.87 billion ( ₹15,446



crore). "The deleveraging programme testifies to the strong liquidity management and capital access at sponsor level even in volatile market conditions, supplementing the solid capital prudence adopted at all portfolio companies," Adani Group said in the credit update. US short-seller Hindenburg Research in January released a damning report alleging accounting fraud and stock price manipulation at Adani Group, triggering a stock market rout that had erased about USD 145 billion in the conglomerate's market value at its lowest point. Adani Group has denied all allegations by Hindenburg and is plotting a comeback strategy.

## Gujrat

# मैच के दौरान दलित बच्चे ने उठाई गेंद तो भीड़ ने घर पर बोला धावा, पिता और चाचा को पीटा; अंगूठा काटा



**अहमदाबाद (एजेंसी)** गुजरात के पाटन जिले से एक दलित व्यक्ति का अंगूठा काटे जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पाटन जिले के एक स्कूल में क्रिकेट मैच चल रहा था। इस दौरान एक बच्चे ने गेंद उठा ली। मैच खेल रहे लोगों ने इसे लेकर जमकर उत्पात मचाया। कुछ लोगों के बीच बचाव के बाद मामला शांत हो गया, लेकिन बाद में हथियारों से लैस कुछ लोगों ने बच्चे के घर पर धावा बोल दिया और दलित व्यक्ति का अंगूठा काट डाला।

एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार को जिले के काकोशी गांव में हुई। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी के अनुसार आरोपी गुस्से में आ गया और उसने गांव के एक स्कूल के खेल के मैदान में क्रिकेट मैच देखने के दौरान गेंद उठाने वाले लड़के को धमकी दी।

अधिकारी ने बताया कि उन्होंने दलित समुदाय के सदस्यों का अपमान करने और उन्हें डराने के इरादे से कथित तौर पर जातिसूचक शब्द भी कहे। उन्होंने बताया कि जब लड़के के चाचा धीरज परमार ने इस पर आपत्ति जताई तो मामला शांत हो गया। लेकिन, बाद में शाम को धारदार हथियारों से लैस सात लोगों के एक समूह ने शिकायतकर्ता धीरज और उनके भाई कीर्ति पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि एक आरोपी ने कीर्ति का अंगूठा काट दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। अधिकारी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 326 (जानबूझकर खतरनाक हथियारों से गंभीर चोट पहुंचाना), 506 (आपराधिक धमकी) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम अधिनियम) के अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## Chhattisgarh

# उठा-उठा कर पटका, बाल पकड़कर घसीटा, अनाथ बच्चों के केंद्र में महिला की क्रूरता



**कांकेर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के कांकेर शहर के शिवनगर में मौजूद एक दत्तक केंद्र में मासूम बच्चियों पर अमानवीय कृत्य का मामला सामने आया है। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, दत्तक केंद्र की महिला प्रोग्राम मैनेजर ने दो मासूम बच्चियों की बेरहमी से पिटाई की। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। यह वीडियो अब वायरल हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यह दत्तक केंद्र एक एनजीओ द्वारा संचालित किया जाता है। अब जिला कलेक्टर ने पुलिस से केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एनजीओ को इस केंद्र के संचालन से निलंबित कर दिया है।

मालूम हो कि दत्तक केंद्रों मासूम बच्चों की देखभाल और उनके भरण पोषण की व्यवस्था होती है। लेकिन इस केंद्र में महिला कर्मी की बर्बरता सामने आने के बाद जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग ने संबंधित एनजीओ का पंजीकरण रद्द कर दिया गया है। यही नहीं जिला प्रशासन ने स्थानीय पुलिस को वायरल वीडियो में नजर आ रही महिला के खिलाफ केस दर्ज करने का भी निर्देश दिया है। पुलिस ने सोमवार को आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। मामले की छानबीन की जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा- प्रतिज्ञा विकास संस्था की ओर से चलाए जा रहे दत्तक केंद्र की अधीक्षक सीमा द्विवेदी को सीसीटीवी वीडियो में अनाथ बच्चियों को पीटते हुए देखा गया था। वीडियो में सीमा द्विवेदी एक बच्ची की पिटाई करते हुए और उसको बालों से पकड़कर फर्श पर फेंकते हुए नजर आ रही हैं। सुविधा केंद्र में मासूम बच्चियों को पीटने की शिकायत जिला प्रशासन ने सौंपी थी। निरीक्षण में आरोपों को सही पाया गया है।

## Uttarakhand

### उत्तराखंड में हेमकुंड साहिब मार्ग पर ग्लेशियर टूटने से हिमस्खलन, बर्फ के नीचे दबे छह यात्री, महिला की मौत

**जोशीमठ, (एजेंसी)** उत्तराखंड में एक बार फिर रविवार शाम को ग्लेशियर टूटने से हिमस्खलन हुआ है। हिमस्खलन की वजह से हेमकुंड साहिब यात्रा पर जा रहे तीर्थ यात्री फंस गए थे। हेमकुंड यात्रा मार्ग पर रविवार शाम को हिमस्खलन की चपेट में आकर छह यात्री बर्फ में दब गए। रेस्क्यू कर पांच यात्रियों को बचा लिया गया, जबकि एक महिला यात्री का शव बरामद कर लिया गया। आपको बता दें कि गंगोत्री-यमुनोत्री, केदारनाथ समेत उत्तराखंड चार धाम यात्रा चल रही है।

हादसा गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब से एक किमी दूर अटलाकोटी के निकट हुआ। हिमस्खलन की चपेट में आए यात्री दर्शन कर लौट रहे थे।एसडीएम जोशीमठ कुमकुम जोशी ने बताया कि घटना देर शाम छह बजे घटी। हिमस्खलन में ग्लेशियर का काफी बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे रास्ते पर आ गया।

पुलिस और एसडीआरएफ ने हेमकुंड साहिब के सेवादारों की मदद से रेस्क्यू कर पांच लोगों को बचाया। देर रात तक लापता महिला की तलाश जारी थी। खोजबीन में एनडीआरएफ और आईटीबीपी के ट्रेंड रेस्क्यू दल की भी मदद ली जा रही है।

## Uttarpradesh

### दूल्हा-दुल्हन की सुहागरात पर हार्ट अटैक से एक साथ मौत

**बहराइच, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के शहर बहराइच की यह घटना हिला देने वाली है. यहां दो परिवारों में शादी की खुशयिां मातम के शोर में खो गईं. अपने 22 साल के लड़के की बारात विदा कराके घरवाले 20 साल की लड़की को बहू बनाकर घर लाते हैं. घर में खुशयिां छा जाती हैं. शादी के अगले दिन दूल्हा-दुल्हन एक साथ कमरे में जाते हैं, लेकिन सुबह दोनों का कमरा नहीं खुलता है. कुंडी बजाने पर भी जब दोनों का कमरा नहीं खुलता है तो दूल्हे का छोटा भाई खड़िकी के रास्ते कमरे में कूदता है. लेकिन, यह क्या कमरे में दूल्हा-दुल्हन मृत हालत में मिलते हैं. वो जल्दी से कुंडी खोलता है तो बाकी परिवार आकर जगाने की कोशिश करता है, लेकिन उनके शरीर ठंडे थे. घर में हाहाकार की स्थति मच जाती है. दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां पोस्टमार्टम किया गया तो जो वजह सामने आई, वो चौंकाने वाली थी. दोनों को एक साथ हार्ट अटैक आया था. क्या एक साथ दोनों को हार्ट अटैक? दोनों की मौत, क्या यह सच में संभव है?

## खेल

# बेंजेमा ने रियल मैड्रिड के लिए खेला विदाई मैच, पेनल्टी पर किया गोल

**मैड्रिड। फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर करीम बेंजेमा ने रियल मैड्रिड की ओर से अपने अंतिम मैच में पेनल्टी किक पर गोल किया। एथलेटिक बिलबाओ के साथ यह मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। रियल के साथ बेंजेमा ने 14 सीजन में भाग लिया। क्लब ने रविवार को घोषणा की थी कि अगले सत्र में बेंजेमा उनके क्लब के लिए नहीं खेलेंगे।**



चर्चा है वह सऊदी अरब में खेल सकते हैं। मैच के बाद साथियों ने उन्हें हवा में उछाल दिया। स्पेनिश लीग के मैच में विनसियस जूनियर ने भी मैदान में वापसी की। दो हफ्ते पहले उन पर वेलेंसिया के खिलाफ मैच में नस्ली टिप्पणी की गई थी। उस मुकाबले के बाद यह उनका पहला मैच था। इस दौरान वह दो मैच में नहीं उतरे।

बेंजेमा ने मैड्रिड के साथ 24 ट्राफियां जीती हैं, जिसमें पांच चैंपियंस लीग, चार ला लीगा खिताब और तीन कोपा डेल रे शामिल हैं। उन्हें शानदार फुटबॉल के लिए पिछले साल बैलोन डी'ओर दिया गया था। वह रियल मैड्रिड के सर्वकालिक दूसरे शीर्ष स्कोरर हैं। मैड्रिड के लिए बेंजेमा ने 354 गोल दागे। रोनाल्डो के 450 गोल के बाद वह दूसरे नंबर पर हैं।

मैड्रिड ने शनिवार को पुष्टि की थी कि ईडन हजार्ड, मार्को असेंसियो और मारियानो डियाज समेत कुछ खिलाड़ी इस समर क्लब को छोड़ रहे हैं। वहीं, कोच एंसेलोटी ने शनिवार को इंग्लैंड और टोटेनहम के स्टार स्ट्राइकर और कप्तान हैरी केन में मैड्रिड की कथित दिलचस्पी के बारे में बात करने से परहेज किया था। एंसेलोटी ने कहा था, 'मैं टीम के भविष्य के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं। केन एक महान खिलाड़ी हैं। वह फिलहाल टोटेनहम में हैं। हमें उनका और टोटेनहम का सम्मान करना होगा।

## सिनेमा

### नहीं रहे टीवी शो महाभारत के 'शकुनी मामा' गूफी पेंटल, लंबी बीमारी के बाद हुआ निधन



'महाभारत' सीरियल में शकुनी मामा का किरदार निभाने वाले दिग्गज एक्टर गूफी पेंटल अब नहीं रहे. लंबी बीमारी के बाद गूफी पेंटल ने दम तोड़ दिया. एक्टर की मौत की खबर से टीवी और सिनेमा जगत में सन्नाटा पसर गया है. एक्टर गूफी पेंटल बीमारी की वजह से लंबे समय से हॉस्पिटल में भर्ती थे. उनकी तबीयत कई दिनों से नाजुक बनी हुई थी. डॉक्टर्स ने उनके इलाज में कोई कमी नहीं छोड़ी. लेकिन आज सुबह मुंबई के अस्पताल में 78 की उम्र में गूफी पेंटल ने आखिरी सांस ली और हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह गए. जानकारी के मुताबिक, एक्टर का अंतिम संस्कार आज दोपहर अंधेरी में होगा. गुफी पेंटल को लोग टीवी शो 'महाभारत' के शकुनी मामा के तौर पर जानते हैं. उनकी बड़ी फैन फॉलोइंग थी. लेकिन गूफी पेंटल एक्टर बनने से पहले सेना में थे. पर उनके भाई अमरजीत पेंटल पहले से ही बॉलीवुड का हिस्सा थे. ऐसे में भाई को देखकर गूफी पेंटल भी मुंबई आ गए और एक्टर के तौर पर अपनी पहचान बनाई. गूफी पेंटल ने 'महाभारत' समेत कई टीवी शोज में काम किया था. 'अकबर बीरबल', 'सीआईडी' और 'राधा कृष्णा' जैसे तमाम शोज में वो नजर आए. लेकिन, गूफी को असली पहचान बीआर चोपड़ा के सीरियल 'महाभारत' से मिली. 'महाभारत' में शकुनी मामा का रोल निभाकर वो घर-घर में मशहूर हो गए थे. आज भी लोग उन्हें शकुनी मामा के नाम से जानते हैं.

# ढाई माह के मासूम की संदिग्ध मौत

## ●परिजन अस्पताल से ले भागे शव, पुलिस ने बरामद किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खजराना में मंगलवार सुबह ढाई माह के एक बच्चे की संदिग्ध मौत हो गई। मासूम वह अपने माता-पिता के बीच सो रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान दोनों के बीच दबने से उसकी मौत हो गई। सुबह परिजन उसे मृत अवस्था में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टरो ने चैकअप किया और परिजनों से कहा कि बच्चे की मौत हो गई है।**

एमवाय अस्पताल के डॉक्टरों ने बच्चे का शव छोडऩे की बात कही। ताकि उसका पोस्टमार्टम कर मौत की हकीकत का पता लगाया जा सके। लेकिन परिजन अस्पताल के स्टाफ को चाकू से धमकाकर बच्चे का शव लेकर भाग गए। पुलिस ने बच्चे का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस माता-पिता से भी पूछताछ कर रही है।

खजराना पुलिस के मुताबिक तौफिक निवासी जल्ला कॉलोनी मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे अपने ढाई माह के बेटे असराल को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां तौफिक के साथ उसका दोस्त साहिल भी आया था। तौफिक ने डॉक्टरों को बताया कि उसके बेटे की सांसें नहीं चल रही है। कैजुअल्टी विभाग से डॉक्टरों ने बच्चे को सीधे इमरजेंसी वार्ड में रैफर कर दिया।

डॉक्टरों ने चैकअप किया तो उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने दम घुटने से मौत की आशंका जताई। और परिवार से कारणों को समझा। तौफिक ने डॉक्टरों को पूरा घटनाक्रम बताया। तब डॉक्टरों ने कहा कि बच्चे का पोस्टमार्टम किया जाएगा। इसलिए इसे मॉर्चुरी भिजवाना पड़ेगा। लेकिन तौफिक ने शव को अस्पताल ले जाने से इंकार कर दिया। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी शिकायत खजराना थाना से की है।

एमवाय अस्पताल के कर्मचारियो ने बताया कि तौफिक ने अपने बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। वे बच्चे का शव अपने साथ ले जाने लगे। अस्पताल की सिक्योरिटी और नर्सिंग स्टाफ ने उन्हें रोका तो तौफिक के साथ आए उसके दोस्त साहिल ने स्टाफ के सामने चाकू निकाल दिया और शव ले जाने के लिए धमकाने लगा। जिसके बाद वे दोनों अस्पताल से बच्चे का शव लेकर चले गए। मामले की सूचना खजराना पुलिस को दी गई है।

### बच्चे का शव बरामद, पीएम के लिए भेजा

खजराना टीआई दिनेश वर्मा ने बताया कि शिकायत के बाद हमने बच्चे का शव बरामद कर लिया है। उसे पीएम के लिए भिजवाया है। माता-पिता से पूछताछ कर रहे हैं। सुबह 6.30 बजे तो उसने मां का दूध पीया था। इसके बाद उसके मुंह से खून निकलने लगा। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा। वे बच्चे को दफन करने के लिए अस्पताल से ले गए थे। उनके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है।

# थाने में पुलिसकर्मी का हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सोमवार शाम महू के कोतवाली थाने में पुलिस कर्मी सुरेश परमार ने जमकर हंगामा किया ।पुलिसकर्मी ने नशे की हालत में अधिकार सहित अनेक कर्मियों के साथ गाली गलौच की इतना ही नही थाने में आये श्याम बाबा की भजन संध्या की परमिशन लेने आये एक युवक को भी तमाचा मार दिया। युवक कार्तिक द्वारा पुलिसकर्मी सुरेश परमार के खिलाफ आवेदन दिया गया है। इधर मामले की जानकारी जब थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदौरिया से ली तो उन्होंने बताया कि जब सुरेश थाने में गाली गलौच कर रहा था तब में फ्लैग मार्च में था। जैसे ही मुझे मामले की जानकारी लगी तो मैने थाने आकर ग्रामीण एसपी हितिका वासल ओर एएसपी शशिकान्त कनकने को दी।जिस पर युवक के परिजन को आश्वासन दिया गया पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया जा रहा है।

## 7 लाख की हेराफेरी करने वाला पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। छोटी ग्वालटोली पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। उसने अपने ही मालिक के साथ रुपए की हेराफेरी की थी। जानकारी के मुताबिक मालिक ने उसे केश जमा कराने के लिये दिया था। जिसे आरोपी लेकर फरार हो गया था। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र में देवेन्द्र चौरसिया का पान मसाले का काम है। उन्होंने कर्मचारी आकाश को कुछ दिन पहले 7 लाख रुपए बैंक में जमा कराने के लिये दिए थे। आकाश दुकान से निकला लेकिन बैक नही पहुंचा था। बाद में आकाश के मोबाइल नंबर पर देवेन्द्र चौरसिया कॉल करते रहे। तो उसने फोन रिसीव नही किया। उसे घर भी देखने भेजा तो वहां नही मिला। जिसके बाद चौरसिया ने मामले में छोटी ग्वालटोली थाने में केस दर्ज कराया। सोमवार को पुलिस ने आकाश को हिरासत में ले लिया। उससे 7 लाख रुपए की बरामदगी की जा रही है।

# सीसीटीवी से पकड़ाए चोरी के आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राऊ पुलिस ने लाखों रुपए के माल की चोरी के मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक दवा कंपनी में चोरी की वारदात कर यहां से लाखो रुपए कीमत का माल चुरा लिया था। पकड़ाए आरोपी दवा कंपनी में काम करते थे। टीआई नरेन्द्र रघुवंशी के मुताबिक पुलिस ने सामकेन दवा फैक्ट्री में हुई चोरी के मामले में अनिल नागर,वीरेन्द्र ठाकुर,कमलसिंह चौहान ओर आकाश मालवीय को पकड़ा है। आरोपियो ने दवा कंपनी में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद एक लोडिंग रिक्शा में सामान लेकर फरार हो गए थे। पुलिस के मुताबिक अनिल नागर पहले से फैक्ट्री में काम करता है। सीसीटीवी में मैनेजर ने उसे पहचान लिया था। वह मूल रूप से सारंगपुर का रहने वाला है ओर यहां किराये से रहता है। जिसके बाद पुलिस को लोडिंग रिक्शा के नंबर भी मिल गए थे। पुलिस के मुताबिक आरोपियों से चोरी की गई दवाएं ओर अन्य उपकरण जब्त किये गए है।

# नाबालिग का अपहरण कर सूरत ले गया

## ●पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। परदेशीपुरा में 10 दिन पहले नाबालिग को धमका कर उसका अपहरण करने का मामला सामने आया था। पुलिस मामले में गंभीरता से जांच कर रही थी। आरोपी की लोकेशन गुजरात के सूरत में मिली। यहां से नाबालिग लड़की को बरामद करने के लिए टीम में एक महिला पुलिसकर्मी के साथ टीम पहुंची और किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्त में ले लिया।

परदेशीपुरा टीआई पंकज द्विवेदी के मुताबिक आरोपी रितिक 26 मई की दोपहर इलाके में एक नाबालिग लड़की के साथ मारपीट कर उसे अपने साथ बाइक पर जबरदस्ती ले गया था। लड़की के परिवार ने मामले में केस दर्ज कराया। पुलिस के पास घटना का एक वीडियो भी आया। जिसके बाद आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई। परदेशीपुरा पुलिस लगातार रितिक और नाबालिग लड़की की जानकारी निकालने में जुटी थी। पुलिस की टेक्निकल टीम को रितिक और नाबालिग की लोकेशन गुजरात के सूरत में होने की लीड मिली। इस दौरान मामले की विवेचना कर रही प्रधान आरक्षक रेखा कनासिया को जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बेटी को फीवर है। लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए वीवीआईपी ड्यूटी के बाद रेखा ने बेटी को घर से साथ लिया और साथी पुलिसकर्मी भोला और रोशन यादव के साथ सूरत जाकर आरोपी रितिक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं लड़की को भी लेकर इंदौर आया गया।

### बुखार में थी बेटी तो साथ ले गई

महिला एसआई के छुट्टी पर होने से केस की विवेचना कर रही महिला प्रधान आरक्षक आरोपी को पकडऩे और नाबालिग की बरामदगी के लिए बुखार में तप रही 6 साल की बेटी को साथ लेकर टीम के साथ सूरत पहुंच गई। टीम ने सूरत से नाबालिग को बरामद कर आरोपी को भी हिरासत में ले लिया। प्रधान आरक्षक रेखा कनासिया मूल रूप से खंडवा की रहने वाली हैं। वे पति और बेटी के साथ डीआरपी लाइन स्थित क्वार्टर में रहती हैं। पति भवन निर्माण ठेकेदार हैं, ऐसे में वे शहर से बाहर थे। परिवार के अन्य लोग खंडवा में रहते हैं। ऐसे में सूरत जाने का आदेश आने पर रेखा को बेटी को भी साथ ले जाना पड़ा।

# गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद, मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सिरपुर तालाब पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में तीन युवकों को आरोपियों ने लात-घूंसे से जमकर पीटा औरङ डंडे से हमलाकर घायल कर दिया। चंदन नगर पुलिस ने बताया कि मारपीट की घटना दानिश पिता मो.शरीफ शेख निवासी लोहा वाला गेट,शाहिद मंसूरी और मो. आसिफ के साथ हुई। इनकी रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। दानिश ने पुलिस को बताया कि वह सिरपुर तालाब की गेट के पास पार्किंग पर दोस्तों के साथ पहुंचा था। वे तालाब की पाल पर घूमने के लिए गए थे तभी अज्ञात लड़के आए और बाइक खड़ी करने की बात पर विवाद किया और हमें गालियां दी। हमने मना किया तो आरोपियों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। एक लड़के ने मेरे सिर में डंडा मार दिया जिससे खून निकलने लगा। दोस्त शाहिद और आसिफ ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की। आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# शराबी पति ने पत्नी पर घड़े से हमला किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बच्चों को स्कूल भेजने की बात पर हुए विवाद में शराबी पति ने पत्नी पर घड़े से हमलाकर घायल कर दिया। कनाडिय़ा पुलिस के मुताबिक घटना भिचौली मदार्ना में हुई। पिंकी सिंधे निवासी धार, हाल मुकाम बिचौली मदार्ना की शिकायत पर इसके पति कृष्णा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। महिला ने पुलिस को बताया मैं अपने घर पर थी तभी मेरी पति शराब के नशे में घर आया। मैंने कहा कि अपने तीनों बच्चों को इस साल स्कूल में दाखिल करना है तो वह कहने लगा कि मेरे पास रुपए नहीं है। मैंने कहा कि तुमने जो जमीन बेची उसका पैसे कहां है। इसी बात को लेकर पति ने गाली गलौज की। मैंने गालियां देने से मना किया तो उसने पास पड़ा पानी का खाली घड़ा उठाकर मार दिया। बोला कि आज के बाद बच्चों को स्कूल में दाखिल कराने और जमीन के पैसों की बात मत करना।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।